Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 5461 / M-8 / 21 दिनांक : 28/8/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– समाचार पत्र हिन्दुस्तान मे प्रकाशित खबर "15 दिन से जलापूर्ति ठप ग्रामीणों ने की नारेबाजी" की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 27.08.2026 को प्रकाशित खबर "15 दिन से जलापूर्ति ठप ग्रामीणों ने की नारेबाजी" के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि पूर्व में उदहिन बुजुर्ग ग्राम समूह पेयजल योजना वर्ष 1982–83 में निर्मित की गयी थी, जिसमें कुल 08 राजस्व ग्राम नामतः उदहिन बुजुर्ग, जगन्नाथपुर, बड़नपुर घाटमपुर, कुण्ड्रावी, कैमा, चक ऐमापुर व मोहब्बतपुर अनेठा है। जिसमें उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित योजना के नलकूप से 30 एच.पी. का मोटर पम्प अधिष्ठापित कराकर जलापूर्ति की जा रही थी, चूँकि योजना अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुकी थी। जिसके कारण जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नामित कार्यदायी एजेन्सी मेसर्स जे.एम.सी. के माध्यम से उक्त पेयजल योजना में सम्मिलित समस्त राजस्व ग्रामों को 04 जोन क्रमशः उदहिन बुजुर्ग, बड़नपुर घाटमपुर, कुण्ड्रावी एवं कैमा में विभाजित कर डिजाइन एवं ड्राइंग के अनुसार प्रत्येक जोन में अलग नलकूप, पम्प हाउस, उच्च जलाशय, पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा रहा है ताकि प्रत्येक ग्राम के समस्त मजरों में सुचारू रूप से जलापूर्ति की जा सके। विगत दिनों ग्राम– बड़नपुर घाटमपुर मे पूर्व निर्मित नलकूप में अधिष्ठापित मोटर पम्प जल जाने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुयी है। जिसके निदान हेतु नलकूप में नये मोटर का अधिष्ठापन कार्य कराकर जलापूर्ति सुचारू कर दी गयी है।

(फोटोग्राफ संलग्न)।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ।
3. प्रभारी अधिकारी(लो0 / शि0), कलेक्ट्रेट, कौशाम्बी।
4. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।


अधिशासी अभियन्ता

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

डाउनलोड
जल सारथी ऐप




जल
1
ग्र

सिराथ
तहसील
15 दि
ग्रामीण
परेशा
ग्रामीण
टंकी
जमक
ग्राम
की मो
पानी
शिका
समाध
बताय
तहत
पानी
कम है
नहीं है